हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 16 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

11 जेपीएस में अग्निशमन दल ने की मॉकड्रिल, विद्यार्थियों को दिए आग से बचने के टिप्स



12 मनुष्य के मन में सकारात्मक सोच पैदा करने के लिए सामाजिक एवं धार्मिक कार्य आवश्यक



## शहर के मेन बाजार व सरकुलर रोड पर अतिक्रमण बना नासूर

# बावल रोड पर चला नगर परिषद का पीला पंजा ग्रीन बेल्ट से अवैध बोर्ड व सामान किया जब्त

■ लंबे समय से नहीं की जा रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के बाजार व सरकुलर रोड सहित मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण नासूर बन चुका है। मंगलवार को डीएमसी राहुल मोदी के निर्देश पर अतिक्रमण के कारण शहर की बिगड़ रही सूरत को सुधारने के लिए अतिक्रमणकारियों के खिलाफ नगर परिषद की कार्रवाई शुरू हो चुकी हैं। नगर परिषद की टीम ने मंगलवार बावल रोड पर महाराणा प्रताप चौक से राजीव चौक तक अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान नगर परिषद टीम ने बावल रोड पर प्रतिष्ठानों के आगे ग्रीन बेल्ट पर लगे लोहें के बोर्ड व होर्डिंग्स पर जेसीबी चलाई गई। इस दौरान टीम ने सड़क पर रखे सामान को भी ट्रैक्टरों में लोड करके जब्त कर लिया। अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान लोगों में हड़कंप मंच गया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में किसी तरह का विरोध नहीं हो सका। मंगलवार दोपहर बाद नगर परिषद जेई कुशल यादव के नेतृत्व में टीम बावल रोड पहुंची और आते ही सड़क पर लगे अवैध बोर्ड व होर्डिंग्स पर जेसीबी चलाना शुरू कर दिया। नगर परिषद की टीम को देखकर दुकानदार आनन-फानन में सड़क पर रखा सामान उठाते नजर आए, लेकिन इस दौरान काफी सामान नप टीम की ओर से जब्त कर लिया गया। नगर परिषद की कार्रवाई महाराणा प्रताप चौक से राजीव चौक तक चली। इसके साथ ही दुकानदारों को सड़क पर अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी भी दी गई। नप की टीम की कार्रवाई के बाद बावल रोड खुला-खुला नजर आया।





रेवाड़ी। पॉलीथिन रखने पर चालान काटते हुए विजयपाल, बावल रोड पर सड़क पर लगा बोर्ड हटाती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि




रेवाड़ी। बावल रोड से होर्डिंग हटाते हुए कर्मचारी व मौजूद पुलिस। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। बावल रोड से अतिक्रमण का सामान जब्त करते कर्मचारी।

### बाजार में सड़क पर रेहड़ियों का कब्जा

बाजार में सड़क पर खड़ी समस्या पैदा कर रही रेहड़ियों को हटाने के लिए रेवाड़ी में वेंडिंग जोन बनाने की काफी समय से बात की जा रही है। नप की ओर से जगह भी चिन्हित कर ली जाती है, लेकिन कार्रवाई आज तक सिरे नहीं चढ़ पाई और समस्या ज्यों की त्यों व्याप्त है। एक तरफ दुकानदारों द्वारा किया गया कब्जा और फिर रही सही बची जगह पर रेहड़ी लगने की वजह से पूरे दिन शहर में जाम के हालात बने रहते हैं। शहर के झज्जर रोड स्थित फ्लाइओवर के नीचे, नाईवाली चौक फ्लाइओवर के नीचे, पुराना कोर्ट रोड व ब्रास मार्केट में वेंडिंग जोन बनाने की प्रक्रिया अभी तक फाइलों में दफन हैं।

### शहर में लंबे समय से अतिक्रमण की समस्या

शहर के सरकुलर रोड व मेन बाजार सहित बावल रोड, गढ़ी बोलनी रोड, नारनौल रोड व दिल्ली रोड पर अतिक्रमण अपने पैर पसारे हुए है। बाजार में सड़क पर रखे दुकानदारों के सामान के साथ खड़ी रेहड़ियां अव्यवस्था फैलाने का काम कर रही है। नप की टीम के अतिक्रमण हटाने के बाद फिर से वही स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अतिक्रमण की वजह से बाजार व सरकुलर रोड पर जाम के हालात बने रहते हैं। मेन बाजार में मोती चौक से गोकल गेट तक व रेलवे रोड पर अतिक्रमण के कारण दुपहिया वाहन भी निकलना मुश्किल हो जाता हैं।

### एसयूपी के भी काटे जा रहे चालान

नगर परिषद की ओर से पिछले एक माह से शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक यानि एसयूपी का उपयोग करने वालों पर की कार्रवाई की जा रही है। नगर परिषद की ओर से एक माह में एसयूपी रखने पर 100 से अधिक दुकानदारों व रेहड़ी वालों के चालान किए जा चुके है। मंगलवार को नप टीम की ओर से बाईपास पर जूस की दुकानों व रेहड़ी वालों के दो चालान किए गए।

## खबर संक्षेप

### पूजा एक्सप्रेस में महिला का बैग चुराया

**रेवाड़ी।** परिवार सहित पूजा एक्सप्रेस में दिल्ली से अलवर जा रही एक महिला का पर्स चोरी हो गया। अलवर जीआरपी को दर्ज शिकायत में दिल्ली के दिलशाद गार्डन निवासी दर्पण कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी रीटा और बेटी के साथ एग्जाम के सिलसिले में पूजा एक्सप्रेस से अलवर जा रहा था। रेवाड़ी स्टेशन के आसपास उसकी पत्नी का बैग चोरी हो गया। बैग में 25 हजार रुपये, एक मोबाइल फोन, हाथ की घड़ी व अन्य सामान था। उसने अलवर स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद शिकायत दर्ज कराई। जीआरपी ने अलवर से मिली जीरो एफआईआर के आधार पर चोरी का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

### घर के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**बावल।** सूबासेड़ी में लग्न प्रोग्राम के दौरान चोर एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में भगवानपुर निवासी सुरेश ने बताया कि वह हलवाई का कार्य करता है। सुबासेड़ी में रामेश्वर के घर लग्न प्रोग्राम में वह बाइक लेकर गया था। बाइक उसके मकान के बाहर खड़ी करने के बाद लॉक कर दी थी। प्रोग्राम के बाद जब वह मकान से बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### वाहन की टक्कर से बाइक चालक गंभीर

**रेवाड़ी।** पटौदी रोड पर नहर के पास रात के समय किसी वाहन की चपेट में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। झज्जर के कुलाना निवासी पवन और प्रशांत दोनों भाई किसी काम से रेवाड़ी आए थे। जब वह बाइक से अपने गांव जा रहे थे, तो पटौदी रोड पर एक वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में प्रशांत गंभीर रूप से घायल हो गया। पवन ने अपने भाई को किसी तरह ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन उसे एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद वाहन का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### जंगल बब्लर में खड़ी बाइक उड़ाई

**धारूहेड़ा।** पर्यटन कांम्पलेक्स जंगल बब्लर में खड़ी बाइक करीब आधे घंटे में चोरी हो गई। इससे कांप्लेक्स में सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस शिकायत में झज्जर के खखाणा निवासी श्यामलाल ने बताया कि वह घर से बाइक पर एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए जंगल बब्बलर आया था। बाइक वहां खड़ी करने के बाद वह अंदर शादी अटैंड करने के लिए चला गया। करीब आधे घंटे बाद वापस आने पर उसे बाइक नहीं मिली। काफी पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## महिला से ऑनलाइन टास्क के नाम पर लाखों रुपये ठगने के मामले में एक और आरोपी काबू

■ पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष एक महिला के साथ ऑनलाइन टास्क के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला झांसी के मोहल्ला शास्त्री नगर इसाई टोला निवासी अजय शाक्या के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 7 जून को गांव महेश्वरी निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि 2 जून 2024 को उसके पास वर्क फ्रॉम होम के नाम पर एक मैसेज आया था। मैसेज में ऑनलाइन टास्क से पैसा कमाने का ऑफर दिया गया था। शुरूआत में आरोपियों ने टास्क के नाम पर उससे 100 रुपये डलवाने के बाद 300 रुपये वापस कर दिए। इसके बाद आरोपियों ने इसी प्रकार टॉस्क के नाम पर उससे पैसे डलवाना शुरू कर दिया और उससे कुल 4 लाख 94 हजार 880 रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए। पुलिस ने मामले में संलिप्त चार आरोपी मध्यप्रदेश के जिला ग्वालियर के रानीपुरा निवासी विशाल, यूपी के जिला झांसी के गांव तलईया निवासी राहुल, निहाल सिंह व हर्ष को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के बाद इस बात का खुलासा हुआ था कि महिला के खाते से करीब 2 लाख 64 हजार 880 रुपये की राशी विशाल के खाते में गई थी। राहुल, निहाल सिंह व हर्ष ने विशाल से बैंक खाता लेकर कमीशन के आधार पर साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था तथा यूपी के जिला झांसी के मोहल्ला शास्त्री नगर इसाई टोला निवासी अजय शाक्या के माध्यम से आरोपी विशाल का बैंक खाता खुलवाया गया था। पुलिस ने मंगलवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी अजय शाक्या को भी गिरफ्तार कर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

## घर बैठे पैसे कमाने का लालच देकर ठगी का एक और आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने घर बैठे पैसे कमाने का लालच देकर 1.55 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला राजसमंद के गांव सुन्द्रचा निवासी विशाल बागोरा के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मोहल्ला आदर्श नगर निवासी अभिनव ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 6 जनवरी को उसके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने उसे घर बैठे पैसे कमाने के बारे में बताया था। इसके बाद उसके पास एक लिंक भेजकर उसे व्हाट्स एप ग्रुप से जोड़ा गया। उसके यूपीआई नंबर पर ग्रुप से जोड़ने के बाद 150 रुपये भेजे गए। उसे एक यूपीआई नंबर देकर एक हजार रुपये जमा कराने को कहा गया। उसने एक हजार रुपये जमा करा दिए, जिसके बदले उसके खाते में 1410 रुपये आ गए। इसके बाद उससे बार-बार पैसे जमा कराने को कहा गया। अधिक पैसा कमाने के चक्कर में उसने 8 जनवरी तक 1.55 लाख रुपये बताए गए अलग-अलग नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए। जब उसने पैसे वापस लेने का प्रयास किया, तो उससे और राशि जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का पता चला। पुलिस ने मामले में संलिप्त तीन आरोपी दलीप रजक, राकेश परमार व लोकेश दबे को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मंगलवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी विशाल बागोरा को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।




रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

## सड़क पर जमा गंदा पानी बना आफत

■ सड़क पर जमा गंदे पानी के कारण वाहन चालकों एवं पैदल गुजरने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

गांव नंदरामपुर बास में नाले की सफाई व पानी की निकासी न होने से गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर जमा हो रहा है।

सड़क पर जमा गंदे पानी के कारण वाहन चालकों एवं पैदल गुजरने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीण धर्मवीर, अनिल, घनश्याम, मोती, प्रवीण व बिल्लू ने कहा गांव में लंबे समय से गंदे पानी की समस्या बनी हुई है। बार-बार शिकायत देने पर भी समाधान नहीं किया जा रहा है। वर्तमान सरपंच की ओर से भी गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध नहीं कराया जा रहा है, जिससे लोगों को परेशान उठानी पड़ रही है। उन्होंने प्रशासन से समस्या का समाधान कराने की मांग की है।



रेवाड़ी। नंदरामपुर गांव में सड़क पर जमा गंदा पानी। फोटो :हरिभूमि

## 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में लगे प्रधानमंत्री: पोपली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से रेवाड़ी बाईपास का लोकार्पण करने व हिसार में नवनिर्मित महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे का शुभारंभ करने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेशवासियों के सपनों को पंख लगाने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने हरियाणा के हिसार व यमुनानगर जिले से प्रदेश को दस हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी, जोकि विकसित हरियाणा बनने के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। यमुनानगर नगर में 8469 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली दीनबन्धु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट की 800 मेगा वाट की इकाई भी शामिल हैं। डा. पोपली ने बताया कि 2014 से पहले देश मे मात्र 74 एयरपोर्ट थे, जिनकी संख्या भाजपा के 10 साल के शासनकाल में बढ़कर 150 से भी ऊपर हो गई है। प्रधानमंत्री 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में आमजन को अपने बच्चों की नौकरी के लिए न तो जमीन बेचनी पड़ती है और न ही पर्ची खर्ची चलती है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शपथ लेने से पूर्व करीब 26000 युवाओ को उनकी योग्यता के आधार पर नौकरी देकर साबित किया कि प्रदेश में अब विकसित हरियाणा बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।



रेवाड़ी। प्रधानमंत्री से मिलते हुए जिलाध्यक्ष वंदना पोपली। फोटो :हरिभूमि

## कर्मचारी से बाइक लूट के मामले में एक आरोपी काबू

■ आरोपी मनीष उर्फ गोती उर्फ गोलू के खिलाफ पहले भी थाना रामपुरा में चोरी के 2 मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत 20 फरवरी की रात आसलवास फ्लाईओवर के पास एक कंपनी कर्मचारी की बाइक लूटने के दूसरे आरोपी को भी कसोला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी मुख्य आरोपी को रिमांड पर लेने के बाद हुई पूछताछ के बाद की गई है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कुतुबपुर निवासी मयंक को अंबेडकर चौक पर चेसिस नंबर मिटाई हुई बाइक के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया था कि गुलाबी निवासी दीपक उर्फ मोंटी ने उसे यह बाइक चलाने के लिए दी हुई है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि यह बाइक गत 20 फरवरी की रात आसलवास निवासी कंपनी कर्मचारी अमित से लूटी गई थी। पुलिस ने मोंटी को भी गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया हुआ है। ऑटो से टक्कर मारकर अमित को नीचे गिराने के बाद मोंटी उसकी बाइक लेकर फरार हो गया था। दीपक को लूट के मामले में पूछताछ करने के लिए कसोला पुलिस के हवाले किया गया था। उसने बताया कि बाइक लूट की वारदात में उसके साथ हजारीवास निवासी मनीष उर्फ गोती भी था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ रामपुरा थाने में पहले भी चोरी का केस दर्ज कर है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। जांचकर्ता ने बताया की आरोपी मनीष उर्फ गोती उर्फ गोलू के खिलाफ पहले भी थाना रामपुरा में चोरी के 2 मामले दर्ज है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में बाइक लूट का आरोपी।

## आज के चुनौतीपूर्ण माहौल में बच्चों पर अत्याधिक ध्यान देने की आवश्यकता: प्राचार्य



रेवाड़ी। अभिभावकों को संबोधित करते प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

**बावल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल में मंगलवार को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत पहली सामूहिक चर्चा का आयोजन प्राचार्य प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थियों को आज के समय में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है,जिनमें मुख्यतः समय प्रबंधन व विद्यार्थी द्वारा मल्टीमीडिया का प्रयोग करना है। इस चुनौती पूर्ण माहौल में हमें अपने बच्चों पर अत्याधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि अभिभावक व अध्यापक दोनों का प्रमुख उद्देश्य अपने बच्चे का चहुंमुखी विकास करना है। कार्यक्रम में अंजू देवी एसएमसी प्रधान व सतबीर सिंह ढिल्लो बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस दौरान अभिभावकों ने अपने अनुभव व समस्याएं भी साझा की। अन्नू प्रवक्ता हिंदी ने मंच संचालन किया। इस मौके पर प्राध्यापक मनीषा, विक्रम सिंह, देवेंद्र कुमार, अध्यापक चंद्रपाल व संगीता मौजूद थे।

## कार की टक्कर से पत्नी की मौत बाइक सवार पति व बच्ची घायल

**रेवाड़ी।** जाडरा के निकट कार की टक्कर लगने से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। उसका पति और एक बेटी इस हादसे में घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया है। रामपुरा पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी। बूढ़पुर निवासी महेश कुमार अपनी पत्नी प्रीती, दो बेटियों आकांक्षा व डेलिसा के साथ बाइक पर अपने ससुराल नांगल मूंदी से बूढपुर के लिए निकला था। जब वह जाडरा में एक प्राइवेट स्कूल के पास पहुंचा, तो एक सेंट्रो कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। उसकी पत्नी सड़क पर गिर गई, जबकि वह उसकी बच्चियां सड़क किनारे कच्चे में गिर गए। आसपास के लोगों की भीड़ वहां एकत्रित हो गई। लोगों ने एंबुलेंस की मदद से सभी को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। कार चालक मौके से फरार हो गया। अस्पताल में उसकी पत्नी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसकी एक बेटी को काफी चोटें आई हैं, जबकि दूसरी सुरक्षित बच गई।



# 18 को रिलीज होगी 'केसरी : चैप्टर 2'

**मुंबई।** 'केसरीः चैप्टर 2' 18 अप्रैल 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन के अलावा अनन्या पांडे भी हैं। ये फिल्म वकील शंकरन नायर के परपोते रघु पलात और उनकी पत्नी पुष्पा की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है। फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की कहानी पर आधारित है। दिल्ली में स्पेशल स्क्रीनिंग में नेताओं ने फिल्म की तारीफ की। साल 2019 में खिलाड़ी अक्षय कुमार ने केसरी फिल्म से धुआं उड़ा दिया था। अब 5 साल के बाद वह फिर से इसका सीक्वल लेकर लौट रहे हैं।

लाइफ Style



# प्रियंका हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का बनीं हिस्सा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम एक और हॉलीवुड फिल्म से जुड़ गया है। वह निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी प्रोजेक्ट में 'बेवॉच'के को-स्टार जैक एफ्रॉन के साथ फिर से जुड़ रही हैं। आगामी फिल्म में माइकल पेना और विल फेरेल भी हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला



# टीवी सीरीज के कलाकारों की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। हैरी पॉटर की टीवी सीरीज में कौन से कलाकार किसका रोल निभाएंगे, इस बात का खुलासा कर दिया गया है। हैरी पॉटर की सीरीज में अल्बस डंबलडोर के रोल में जॉन लिथगो नजर आएंगे। वहीं, मिनर्वा मैकगोनागल के रोल में जेनेट मैकटीर और सेलेरस स्नेप के रोल में पापा एस्सीडू नजर आएंगे। वहीं, रुबस हैग्रिड का खास रोल निक प्रॉस्ट निभाएंगे। इन सभी के अलावा ल्यूक थैलोन क्विरिनस क्विरेल के किरदार में नजर आएंगे।





# कैटी ने अंतरिक्ष में गाया खूबसूरत गाना

**लॉस एंजिल्स।** कैटी पेरी अपनी 5 सदस्यीय महिला दल के साथ अंतरिक्ष की यात्रा कर लौट आई हैं। कुल 11 मिनट की यात्रा के दौरान वह चार मिनट अंतरिक्ष में रहीं। इस दौरान उन्होंने वहां एक खूबसूरत गाना भी गाया। धरती पर लौटते ही कैटी ने जमीन को चूमा, कहा कि यह मां बनने के बाद उनकी जिंदगी का दूसरा सबसे इमोशनल पल है। कैटी ने खुलासा किया कि उन्होंने उड़ान के दौरान 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाना भी गाया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस अनुभव ने मुझे यह दिखाया है कि आप अपने अंदर भरे प्यार को कभी नहीं जान सकते, जैसे कि आपको कितना प्यार देना है और आपसे कितना प्यार किया जाता है।' कैटी पेरी ने उड़ान भरने के दौरान अपने साथ एक डेजी का फूल भी रखा था। यह उनकी बेटी डेजी के लिए था।



# रेखा-साधना को देखकर सीखा डांस...


**मुंबई।** रवीना टंडन 90 के दशक में एक्टिंग के अलावा फिल्मों में अपने डांस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं, अब बेटी राशा थडानी से उनकी राह पर चल रही हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में राशा थडानी ने एक डांस नंबर 'ऊई अम्मा' भी किया था, इस गाने में उनके डांस को काफी पसंद किया गया। हाल ही में राशा ने बताया कि कैसे वह पहली ही फिल्म में इतना अच्छा डांस कर पाईं। साथ ही इस काम में मां रवीना टंडन ने कैसे उनकी मदद की? राशा थडानी ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क से की गई बातचीत में बताया कि मां रवीना टंडन ने डांस सीखने में काफी मदद की। राशा कहती हैं, 'मां ने मुझे रेखा, साधना जैसी एक्ट्रेस की पुरानी डांस वीडियो देखने को कहा। साथ ही सरोज खान जी की डांस ट्रेनिंग को भी देखने की सलाह दी।



# देसी अंदाज देखने पहुंच रहे दर्शक

**मुंबई।** सनी का देसी अंदाज और फिल्म की जोरदार कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है। 'जाट' ने वीकेंड के बाद भी अपनी पकड़ बनाए रखी। अगर, यह रफ्तार बनी रही तो यह फिल्म जल्द ही अपनी लागत पार कर सकती है। सनी देओल की 'जाट' दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई। पांचवें दिन फिल्म ने सात करोड़ 50 लाख रुपए की शानदार कमाई की, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन अब 47.75 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। पांचवें दिन फिल्म ने 15 करोड़ रुपए जुटाए, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 101.3 करोड़ रुपए हो गया है। एक्शन के साथ फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है।

टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर भी तमन्ना ने खूब कमाया नाम

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में हैं। तमन्ना फिल्म में शिव भक्त बनी हैं और लोगों की मदद करती हैं। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा हिंदी फिल्मों जैसे 'बबली बाउंसर', 'एंटरटेनमेंट', 'हिम्मतवाला' और 'वेदा' में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में काम किया है।

***जी करदा :*** जी करदा भारतीय हिंदी ड्रामा है। इसे अरुणिमा शर्मा ने निर्देशित किया था। यह 2023 में प्राइम वीडियो के लिए बनाया गया था। तमन्ना भाटिया ने इसमें अहम रोल निभाया था। इसके लिए उन्हें 2023 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

***आखिरी सच :*** आखिरी सच हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली टीवी सीरीज है। इसका निर्देशन रब्बी ग्रेवाल ने किया था। सीरीज के लीड रोल में तमन्ना भाटिया थीं। वह इस सीरीज में पुलिस अफसर बनी थीं। यह सीरीज बुराड़ी मर्डर पर बनी थी। इसे डिज्नी हॉटस्टार पर जारी किया गया था। इसमें अदाकारी करने के लिए भी तमन्ना भाटिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

***नवंबर स्टोरी :*** नवंबर स्टोरी तमिल भाषा की टीवी सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर का निर्देशन इंदिरा सुब्रमण्यन ने किया है। इसके लीड रोल में तमन्ना भाटिया हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 20 मई 2021 को रिलीज हुई थी। इसे स्ट्रीमिंग ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया।

***मास्टर शेफ इंडिया- तेलुगू सीजन 1 :*** मास्टर शेफ इंडिया तेलुगु भाषा का टीवी शो है। इसके पहले 6 एपिसोड को तमन्ना भाटिया ने होस्ट किया। यह 27 अगस्त 2021 से 27 नवंबर 2021 तक जेमिनी टीवी पर प्रसारित किया गया।

***11 हॉवर :*** '11 हावर' तेलुगू भाषा की क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का निर्देशन प्रवीण सत्तारू ने किया। इसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में थीं।

***सपने सुहाने लड़कपन के :*** 'सपने सुहाने लड़कपन के' एक टेलीविजन शो है। यह मई 2012 से जनवरी 2015 तक जी टीवी पर प्रसारित हुआ। इस शो के होली वाले एपिसोड में तमन्ना भाटिया नजर आईं थीं।

# एसीपी आयुष्मान ने आते ही प्रद्युमन की मौत पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर सीरियल सीआईडी 2 में लंबे समय से शो का हिस्सा रहे एसीपी प्रद्युमन का किरदार खत्म हो गया है। शो में एसीपी प्रद्युमन के किरदार में दिख रहे शिवाजी साटम का रोल खत्म होने के बाद अब पार्थ समथान ने एसीपी आयुष्मान बनकर शो में एंट्री की है। लेकिन, आयुष्मान की एंट्री के बाद से ही उनकी सीआईडी की पुरानी टीम के साथ टशन दिख रहा है। एसीपी प्रद्युमन के बेहद खास रहे अभिजीत और दया उनकी मौत के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं, लेकिन एसीपी आयुष्मान उन्हें अपने इमोशन पर काबू रख काम पर ध्यान देने की नसीहत देता है, जिसका बाद उसकी टीम से अनबन हो जाती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आते हैं।



सीआईडी 2 के प्रोमो में एसीपी आयुष्मान के रोल में दिख रहे एक्टर पार्थ समथान अभिजीत और दया से कहते हैं, कब तक एसीपी प्रद्युमन की मौत पर आंसू बहाओगे। अपने दर्द, इमोशन और आंसू की पोटली बनाकर इसे ऑफिस के बाहर लटका कर आया करो। सीन में देखा गया कि अभिजीत और दया गुस्से से आयुष्मान को घूरते नजर आते है। इसके साथ शो के दौरान भी दया और अभिजीत की आयुष्मान के साथ बहस होती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वो कहते हैं, 'मुझे केवल परिणाम प्रभावित करते हैं। दया तुरंत उन्हें आश्वस्त करते हैं।

# इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।



**तब्बू :** अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।




**रीना रॉय :** 80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।



**मीना कुमारी :** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन'के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के कॅरियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।



**मधुबाला :** मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।



**मान्यता दत्त :** संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है।

## हसरत जयपुरी की कलम से निकले सदाबहार गाने आज भी हैं प्रासंगिक

# 11 रुपए की सैलरी पर बस कंडक्टर के रूप में शुरू किया काम

*नई दिल्ली। हसरत जयपुरी हिंदी सिनेमा के उन गीतकारों में से एक हैं, जिनकी लेखनी ने न केवल गीतों को अमर किया, बल्कि लाखों दिलों को भी छुआ। उनकी शायरी और गीतों में प्यार, दर्द, और जिंदगी के रंग इतनी खूबसूरती से उभरकर सामने आए कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय हुआ करते थे।*

**इकबाल हुसैन था असली नाम :** हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान के जयपुर में हुआ था। उनका असली नाम इकबाल हुसैन था, लेकिन शायरी की दुनिया में उन्होंने 'हसरत जयपुरी' के नाम को अपनी पहचान बनाया। उनके पिता, नाजिम हुसैन सेना में कार्यरत थे, जबकि उनकी मां फिरदौसी बेगम एक गृहिणी थीं, जिन्हें शायरी से गहरा लगाव था। मां की यह रुचि हसरत को विरासत में मिली। आगे चलकर इसी चीज ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी।



**20 साल की उम्र में लिखनी शुरू कीं कविताएं :** हसरत ने प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में ही प्राप्त की। उन्हें असली तालीम उनके नाना फिदा हुसैन 'फिदा' से मिली, जो एक मशहूर शायर थे। नाना से हसरत ने उर्दू और फारसी की बारीकियां सीखीं, जिसने उनकी शायरी को गहराई दी। बीस साल की उम्र तक हसरत ने कविताएं लिखना शुरू कर दिया था। उनकी रचनाओं में प्रेम और जिंदगी के प्रति एक अनूठा दृष्टिकोण झलकता था।

**शायरी में प्रेम की मासूमियत झलकती थी :** हसरत जयपुरी का कॅरियर एक साधारण बस कंडक्टर के रूप में शुरू हुआ। 1940 में रोजगार की तलाश में वह जयपुर से मुंबई आ गए। यहां उन्हें बेस्ट बस में कंडक्टर की नौकरी मिली, जिसके लिए उन्हें मात्र 11 रुपए मासिक वेतन मिलता था। दिनभर बस में काम करने के बाद रात में वह मुशायरों में अपनी शायरी सुनाया करते थे। उनकी शायरी में जिंदगी का दर्द और प्रेम की मासूमियत इतनी खूबसूरती से झलकती थी कि लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**इन फिल्मों के लिए लिखे सुपरहिट गाने :** बरसात की सफलता के बाद हसरत जयपुरी, राज कपूर, और शंकर-जयकिशन की तिकड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए। हसरत ने राज कपूर की फिल्मों जैसे आवारा, श्री 420, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, और मेरा नाम जोकर के लिए यादगार गीत लिखे। 1966 और 1972 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। उनकी खासियत थी कि वह साधारण शब्दों में गहरी बातें कह जाते थे। उनकी लेखनी में प्रेम, देशभक्ति, और सामाजिक मुद्दों का सुंदर समावेश होता था।

**राज कपूर के साथ खूब जमी जोड़ी :** एक मुशायरे में उनकी मुलाकात अभिनेता पृथ्वीराज कपूर से हुई, जो उनकी शायरी से बेहद प्रभावित हुए। पृथ्वीराज ने अपने बेटे राज कपूर, को हसरत से मिलने की सलाह दी। उस समय राज कपूर अपनी फिल्म बरसात (1949) की तैयारी कर रहे थे। हसरत ने इस फिल्म के लिए अपना पहला गीत 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा, जिसे शंकर-जयकिशन ने संगीतबद्ध किया। यह गीत सुपरहिट हुआ, और इसके साथ ही हसरत जयपुरी का नाम हिंदी सिनेमा में गूंजने लगा।

## प्रेमिका के लिए लिखी लाइन हुई खूब मशहूर

हसरत जयपुरी का निजी जीवन भी उनकी शायरी की तरह रंगों से भरा और भावनात्मक था। बीस साल की उम्र में उन्हें अपने पड़ोस की एक हिंदू लड़की, राधा से प्रेम हो गया था। इस प्रेम ने उनकी लेखनी को और निखारा। हसरत ने एक साक्षात्कार में कहा था, 'प्रेम का कोई धर्म नहीं होता।' उन्होंने राधा के लिए एक कविता लिखी थी, 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़ कर, के तुम नाराज़ न होना,' जो बाद में फिल्म संगम (1964) का हिस्सा बनी और देशभर में मशहूर हुई। हसरत जयपुरी की निजी जिंदगी की बात करें तो शादी के बाद उनकी पत्नी ने एक बेटे का जन्म दिया। बेटे के जन्म पर उन्होंने जो पंक्तियां लिखीं वो थीं, 'तेरी प्यारी-प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे,' यह लाइनें भी फिल्म ससुराल (1961) का हिस्सा बनीं।

**खबर संक्षेप**

## पुराने टायर चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**नारनौल।** दुकान से पुराने टायर चोरी करने के मामले में थाना अटेली पुलिस ने एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान संदीप वासी बहू थाना साल्हावास जिला झज्जर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित को गुरुग्राम क्षेत्र से गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेश करने पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## खातोदड़ा का युवक अवैध हथियार के साथ दबोचा

**महेंद्रगढ़।** सीआईए पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना सदर क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपित विनीत वासी खातोदड़ा को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी कट्टा बरामद किया है। आरोपित के खिलाफ थाना सदर में मामला दर्ज किया गया। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## दो युवकों ने घर से नकदी और सामान किया चोरी

**कनीना।** कनीना-अटेली मार्ग स्थित गांव भोजावास में चोरों ने एक घर में दबिश देकर कीमती सामान व हजारों रूपये की नकदी चोरी कर ली। अजय कुमार ने बताया कि वह सप्ताहभर पूर्व अपने मकान को बंद कर दिल्ली चला गया था। दो दिन पूर्व आकर देखा तो रसोईघर का ताला टूटा हुआ था। जिसमें से गैस सिलेंडर व पूजा घर में रखे गए पांच-सात हजार रुपये गायब मिले।

## मारपीट के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** आपसी कहासुनी को लेकर लाठी-डंडों से चोट मारने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए पुलिस टीम ने एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान सोनू वासी नांगल सिरोही के रूप में हुई है। आरोपित के खिलाफ पहले भी अन्य मामले दर्ज हैं। आरोपित सेंधमारी और हत्या के मामले में वांछित था। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## स्कूलों में पुस्तकों की जांच करेगा शिक्षा बोर्ड उड़नदस्ता

**नारनौल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार एवं सचिव मुनीश नागपाल ने मंगलवार प्रेस वक्तव्य में बताया कि प्रदेशभर में कोई भी अराजकीय विद्यालय अभिभावकों को निजी पब्लिशर्स की महंगी किताबें खरीदने पर मजबूर नहीं कर सकता है। हरियाणा सरकार द्वारा यह कदम अभिभावकों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करने की दिशा में उठाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि जल्द ही शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेशभर के विद्यालयों में पढ़ाई जा रही पाठ्य-पुस्तकों की चैकिंग के लिए विशेष उड़नदस्ते गठित किए जाएंगें।

## भात में गया परिवार, बंद मकान में चोरी

**नारनौल।** शहर में चोरों ने एक बंद मकान से लाखों रुपये के आभूषण और चार लाख के करीब कैश चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ति ने सिटी पुलिस में शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ति जगमोहन तायल से शिकायत में बताया है कि उनका रेलवे रोड पर रेलवे स्टेशन के सामने मकान बना हुआ है। बीती रात को उनका पूरा परिवार गुरुग्राम में भात के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया हुआ था। पीछे से चोर दरवाजों को तोड़कर घर के अंदर घुस गए।

## थ्रेसर की गिरारी में हाथ फंसने से मजदूर की मौत

**नांगल चौधरी।** सिरोही बहाली के पास एक खेत में गेहूं की फसल निकाल रहे मजदूर का हाथ थ्रेसर की गिरारी में फंस गया। जिससे मजदूर खिंचता हुआ मशीन में चला गया और मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का निरीक्षण किया तथा टुकड़ों में शव एकत्र करके पोस्टमार्टम कराया गया है।

### डीसी अभिषेक मीणा ने एजेंसियों को अनाजमंडियों से सरसों व गेहूं खरीद की लिफ्टिंग प्रक्रिया तेज करने के दिए निर्देश

# जिले की अनाजमंडियों में अब तक 31183 मीट्रिक टन सरसों और 22957 एमटी गेहूं की आवक

डीसी ने कहा कि किसान अनाज को सुखाकर ही मंडियों में लेकर आएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। कोसली अनाजमंडी में खुले में पड़ा गेहूं व कोसली अनाजमंडी में लगी सरसों की ढेरियां। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। रेवाड़ी अनाजमंडी में सरसों की ढेरी बनाते मजदूर।

जिले की रेवाड़ी, बावल व कोसली अनाजमंडियों में रबी सीजन के तहत सरसों व गेहूं की खरीद प्रक्रिया तेजी से चल रही है। जिले की मंडियों में अब तक 31183.5 मीट्रिक टन सरसों की आवक और 30912.4 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है, जिसमें से 21324.4 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। वहीं गेहूं की जिले में 22957.25 मीट्रिक टन आवक तथा 22332.75 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है, जबकि 12601.21 मीट्रिक टन का उठान हो चुका है। डीसी अभिषेक मीणा ने खरीद एजेंसियों को किसानों का समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए है। डीसी ने कहा कि लिफ्टिंग कार्य में तेजी लाई जाए ताकि मंडियों में जगह की कमी न हो और नई फसल की आवक बाधित न हो। खरीद एजेंसियां स्टोरेज व्यवस्था का बेहतर ढंग से प्रबंध करें तथा किसानों की सुविधा के लिए अनाज मंडियों में सभी जरूरी व्यवस्थाओं का ध्यान रखे। डीसी ने कहा कि किसान भी अपने अनाज को तय मानकों के अनुसार सुखाकर ही मंडियों में लेकर आएं,

**3532**

### गेटपास जारी किए गए

सोमवार तक 154465 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी थी। मंगलवार को गेहूं की खरीद हैफेड ने की। शाम तक20 किसानों से 15000 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी थी। मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार तक कोसली अनाजमंडी में 213672 क्विंटल गेहूं के 3532 गेटपास जारी किए गए। इसके अतिरिक्त 324509 क्विंटल सरसों के लिए 14634 गेटपास जारी हो चुके हैं। खरीद अधिकारी जगदीश बांगड़ ने कहा अब तक मंडी से सरसों के 346000 कट्टों का उठान भी हो चुका है। हैफेड के प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि गेहूं के 178000 कट्टों का उठान हो चुका है।

### तीनों अनाजमंडियों में मंगलवार की फसल खरीद

मंगलवार को रेवाड़ी अनाजमंडी में हैफेड की ओर से 431 किसानों से 9509 क्विंटल सरसों व 82 किसानों से 4260 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। बावल अनाजमंडी में वेयर हाउस कारपोरेशन की ओर से मंगलवार को 168 किसानों से 4700 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। वेयरहाउस से परचेजर सुरेन्द्र ने बताया कि मंगलवार को 6 किसानों से 400 क्विंटल गेहूं की भी खरीद की गई तथा 4620 सरसों के कट्टों का उठान किया गया। कोसली अनाज मंडी में वेयरहाउस ने मंगलवार को 5000 क्विंटल सरसों की खरीद की।

# गर्मी व हीट वेव से बचाव को एहतियात बरतें

- डीसी अभिषेक मीणा ने नागरिकों को दी एडवाइजरी का पालन करने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



डीसी अभिषेक मीणा

गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से हीटवेव का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका पालन करते हुए जिलावासी स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें। डीसी ने कहा कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें व समाचार पत्र पढ़ें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। ओआरएस, घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी, नींबू पानी व छाछ का सेवन करें। पार्किंग में बच्चों को वाहनों में छोडकर न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलिहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फलों, सलाद तथा घर में बना खाना ही खाएं। यदि बच्चे को उल्टी, घबराहट अथवा तेज सिरदर्द या सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो तुरंत चिकित्सक को दिखाएं।

### डीसी अभिषेक मीणा ने कहा

डीसी ने कहाकि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें। ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें।

# ग्रामीणों ने मेधावियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यकम में मौजूद अतिथि व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

गांव बीकानेर में भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरोज मेहरा जिला पार्षद तथा विशिष्ट अतिथि आशा देवी ब्लॉक समिति सदस्य व डा. भीम राव अंबेडकर समिति प्रधान बलवीर सिंह ने किया। गांव में धूमधाम से बाबा साहेब की शोभा यात्रा निकाली गई तथा भंडारे का आयोजन किया गया। रात्रि में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके समाज सुधार कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाजसेवी धनीराम मेहरा कहा कि डा. अंबेडकर की विचारधारा आज भी प्रेरणास्त्रोत के रूप में कार्य करती है। इस अवसर पर कैप्टन फकीर चंद, प्राचार्य मनोज कुमार, देवीदयाल, धर्मपाल, गोविंद सिंह, हरीश, सुरेंद्र, रमन, कुंदन, ईश्वर पंच, इंद्राज, मनोज कुमार, सतबीर, हरचंद, सचिन, सतीश, सचिन कुमार व गोविंद आदि मौजूद थे।

# जेपीएस में अग्निशमन दल ने की मॉकड्रिल विद्यार्थियों को दिए आग से बचने के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को आग से बचने के टिप्स देते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जैन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विद्यार्थियों को विभिन्न माध्यमों से लगने वाली आग से बचने के गुर सिखाए गउए। अग्नि शमन दल की टीम ने मॉकड्रिल करके अग्नि से आत्मरक्षा के तरीके समझाए। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि अग्नि शमन विभाग की ओर से मनाए जा रहे अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत आपदा प्रबंधन पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। अग्निशमन अधिकारी मामचंद ने विद्यार्थियों को आग लगने पर बचने के उपाय बताए।

उन्होंने बच्चों को एलपीजी गैस, लकड़ी व कपड़ों में फैलने वाली आग से बिना घबराहट के निपटने के टिप्स दिए। इस अवसर पर अग्निशमन टीम के अजय कुमार व चिराग तथा स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान प्रदीप जैन, शासकीय निकाय सदस्य अनुज जैन, पलका जैन व प्रद्युम्न जैन उपस्थित थे।

# विवाहित ने पति सहित छह लोगों पर कराया केस

- ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना और मारपीट को लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

रतनथल बास गांव की एक विवाहिता ने बहाला गांव निवासी अपने पति सहित छह ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। विवाहिता शालू ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह नवंबर 2023 में बहाला गांव के अक्षय से हुआ था। विवाह में उसके माता-पिता ने दान दहेज में लाखों रुपये खर्च किए थे, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग दान दहेज से खुश नहीं थे। शादी के करीब एक माह बाद नेवी में कार्यरत उसका पति अक्षय छुट्टी काटकर चला गया था। ड्यूटी के दौरान अक्षय से वीडियो काल पर बात करते समय स्क्रीन शेयर होने से उसे अक्षय के उसकी जेठानी मीनाक्षी की छोटी बहन सोनिया से संबंधों के बारे में पता चला।

इस बारे उसने अपनी सास माया व ससुर राजेश को बताया तो उन्होंने अक्षय को छुट्टी पर बुला लिया। फरवरी में अक्षय छुट्टी आया तो उसका व्यवहार पूरी तरह से बदला हुआ था। उसके बाद अक्षय के परिवार का व्यवहार पूरी तरह से बदल गया तथा दहेज को लेकर उसे परेशान करने लगे। उन्होंने उसका फोन छीन लिया तथा इस बारे किसी से को बताने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। उसके साथ मारपीट भी करने लगे। मौका मिलने पर उसने ने अपने पिता को सारी बाते बताई, जिसके बाद उसके पिता अप्रैल 2024 में उसे मायके ले आए। उसके पिता ने इस संबंध में उसके सास-ससुर व जेठ संदीप से बात की तो उन्होंने अपनी गलती स्वीकार कर उसे तंग व परेशान नहीं करने का आश्वासन दिया। उनकी बात पर विश्वास करके तथा पिता के समझाने पर वह दोबारा से अपनी ससुराल आ गई, परन्तु उनके व्यवहार में कोई फर्क नहीं आया। गत वर्ष सितंबर माह में अक्षय ने शराब पीकर उसके साथ बुरी तरह से मार-पीट की।अपने घर जानकारी देने पर उसके पिता व चाचा ससुराल आए तथा अक्षय व उसके परिवार वालों को समझाने का प्रयास किया, परन्तु उन्होंने उसके पिता व चाचा से गाली गलौच की तथा उन्हें घर से निकाल दिया। उसके बाद उसके माता पिता व रिश्तेदारों ने पंचायत कर उन्हें समझाने का प्रयास किय।

# बाल विवाह में दो साल जेल व एक लाख जुर्माने का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



डीसी अभिषेक मीणा

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया का शुभ मुहुर्त है। सामाजिक प्रथा अनुसार इस शुभ मुहुर्त पर लोगों की ओर से बड़ी संख्या में विवाह का आयोजन किया जाता है,जिसकी आड़ में काफी संख्या में बाल विवाह भी संपन्न किए जाते है। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा ही नहीं, बल्कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार कानूनन अपराध है। डीसी मीणा ने अक्षय तृतीया के अवसर पर विवाह कराने वाले पुजारी, पाठी, गांव के पंच, सरपंच, नंबरदारों व शहरों में नगर पार्षदों एवं सामुदायिक केंद्र, सार्वजनिक भवन, बैंकट हाल, मैरिज पैलेस व धर्मशाला इत्यादि के मालिकों, कार्ड प्रिंटिंग वाले, फोटोग्राफर, बैंड बाजा व टेंट हाउस के संचालकों से अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले विवाह समारोह के संबंध में पहले से दुल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच करने की अपील की है।

### लड़की की शादी की उम्र 18 वर्ष

डीसी ने बताया कि विवाह के लिए लड़की की शादी की उम्र 18 वर्ष व लड़के की शादी की उम्र 21 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व विवाह करना कानूनन अपराध है। नियम के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही किए जाने का भी प्रावधान है, जिसके तहत 2 साल की जेल व एक लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि झूठी शिकायत करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ प्रशासन की ओर से सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के आयोजन के संबंध में समय रहते नजदीक के पुलिस थाने, चौकी, आंगनबाड़ी वर्कर, डब्ल्यूसीडीपीओ, बाल सरंक्षण अधिकारी, डीपीओ, महिला एवं बाल विकास, एसडीएम, बीडीपीओ, तहसीलदार, सीटीएम, पुलिस अधीक्षक व बाल विवाह निषेध अधिकारी को उनके दूरभाष नंबर 8814011719 व पुलिस कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 112, चाईल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, तथा महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर दी जा सकती है।



# खोड़ में 8 एकड़ में अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला नगर योजनाकार की टीम शहरी क्षेत्र अटेली में राजस्व सम्पदा गांव खोड़ में (अटेली से कनीना रोड पर) करीब आठ एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में मंगलवार तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इसमें करीब 25 डीपीसी, चार चारदीवारी व पांच अवैध निर्माण के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ कार्रवाई जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा की अगुवाई में कनिष्ठ अभियंता धर्मपाल, योगेन्द्र कुमार, विकास, नरेश कुमार के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई। इस संबंध में जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा ने बताया कि नियन्त्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें तथा महानिदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा से लाईसैन्स अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेसियों व भाजपाइयों के बीच घमासान मचा

# नपा हाउस की बैठक में 11.40 करोड़ रुपये का बजट हुआ पास, प्रधान रहे गैरहाजिर

उप प्रधान अर्जुन चौकन की अध्यक्षता में आयोजित की गई बजट की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल



रेवाड़ी। नगरपालिका बावल में बजट की बैठक में मौजूद पार्षद।

मंगलवार को नगर पालिका बावल में हाउस की बैठक आयोजित की गई, जिसमें में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए करीब 11 करोड़ 40 रुपये का बजट पास किया गया। बजट की बैठक में नगर पालिका प्रधान एडवोकेट विरेंद्र सिंह महलावत अनुपस्थित रहे। बैठक में उप प्रधान अर्जुन चौकन सहित कुल आठ पार्षद मौजूद थे। नपा प्रधान ने बताया कि उनके ससुर का निधन हो गया था, मंगलवार को उनकी रस्म पगड़ी होनी थी, इसलिए वे बैठक में शामिल नहीं हो पाए। बैठक में शहर के विकास लिए सर्वसम्मति से बजट पास किया गया।

बैठक में कमल देवी, सुखबीर, रोहताश, मेनका देवी, रेखा कुमारी, रमेश चौकन, उपप्रधान अर्जुन चौकन, सचिव प्रशांत, एमई सुनील कुमार व जेई दीपक यादव मौजूद थे।

### 9 अप्रैल को बुलाई बैठक में भी नहीं पहुंचे थे प्रधान

बावल नगर पालिका में कांग्रेसियों व भाजपाइयों के बीच घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस समर्थित नगर पालिका बावल प्रधान एडवोकेट विरेंद्र सिंह महलावत की ओर से दो बार बैठक पिछले दिनों बुलाई गई थी, बजट बैठकों का उप प्रधान व उनके समर्थित पार्षदों ने बहिष्कार कर दिया गया था। उसके बाद फिर एक बार उपप्रधान की अध्यक्षता में पार्षद जरूर गए थे, मगर बजट पास नहीं हो सका था। उप प्रधान ने बताया कि गत 9 अप्रैल को बुलाई गई बैठक में भी प्रधान नहीं पहुंचे थे। इसके बाद मंगलवार को बैठक में भी प्रधान नहीं पहुंचे। ऐसे में प्रधान की गैर मौजूदगी में ही बजट पास कर दिया गया। उप-प्रधान ने कहा कि शहर के विकास के लिए बजट पास किया गया है, ताकि लंबित विकास कार्य पूरे कराए जा सकें।

**ग्राम पंचायत कंवाली**
**ब्लॉक डहिना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)**

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कंवाली, खण्ड डहिना, जिला रेवाड़ी के लगभग 300-400 आंतकी बंदरों को पकड़कर फिरोजपुर झिरका जंगल में (शिव मंदिर) दूर छोड़ा जाना है। इसके लिए दिनांक 06.05.2025 तक सायं 5 बजे तक कोई भी व्यक्ति एजेंसी फर्म आदि गांव के सरपंच के पास बंद लिफाफे में अपनी कुटेशन दे सकता है। जिसकी कम दर की कुटेशन मिलेगी उसको सूचित कर दिया जाएगा और शर्तें बता दी जाएगी।

हस्ता/- शीलावती, सरपंच,
ग्राम पंचायत कंवाली, खण्ड डहिना (रेवाड़ी)
मो. 8930092021

## खबर संक्षेप

### बागोत से 62 वर्षीय व्यक्ति लापता

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव बागोत से एक 62 वर्षीय व्यक्ति लापता हो गया। इस बारे में धर्मबीर ने पुलिस को दी षिकायत में कहा कि 13 अप्रैल की रात्री को वे अपने खेत में गेहूं का भंडारण करने के लिए निकले थे तथा अपने पिता चेतराम को घर पर बैठक में सुलाकर गए थे। वे सुबह चार बजे घर पर आए तो चेतराम घर पर नहीं मिले। अपने स्तर पर खोजबीन भी लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर छानबीन शरू कर दी है।

### अचानक लेन बदली करने से वाहन टकराएं, चालक घायल

**कनीना।** नेशनल हाईवे नम्बर 152डी पर खरकड़ा बास के समीप घटित सड़क हादसे में एक भारी वाहन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कनीना सदर थाना पुलिस ने घायल के पुत्र की शिकायत पर आरोपित वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस बारे में सोनीपत के गांव तेवड़ी वासी सोनू ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता धर्मबीर ट्राला चालक की नौकरी करता है। उन्हें सूचना मिली कि सड़क हादसे में पिता घायल हो गया है। जिसे उप नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ में दाखिल कराया गया है। सोनू अपने परिजनों के साथ घटना स्थल एवं अस्पताल पहुंचा तो सारे हालात देखे।

## कुलसचिव ने महाराजा अग्रसेन पीठ के निमार्णाधीन यज्ञशाला का अवलोकन किया

# मन में सकारात्मक सोच पैदा करने के लिए सामाजिक एवं धार्मिक कार्य जरुरी: दिलबाग

- कुलसचिव ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी


रेवाड़ी। आईजीयू में छात्राओं को सम्मानित करते कुलसचिव। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में कुलसचिव एवं एडवाइजरी कमेटी के सदस्यों ने मंगलवार को महाराजा अग्रसेन पीठ की निमार्णाधीन यज्ञशाला का अवलोकन किया गया एवं एडवाइजरी बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। एडवाइजरी कमेटी के सदस्य दुर्गादत्त गोयल, ब्रजलाल गोयल, रिपुदमन गुप्ता, मुकेश भट्टेवाला, अशोक सोमानी व डीपी गर्ग ने कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह के साथ यज्ञशाला के निर्माण के आगे के एक्शन प्लान को तैयार किया।

बैठक में इंटरेक्शन के दौरान पीठ की उपलब्धियां, ऑनगोइंग प्रोजेक्ट्स एवं आगे की कार्यशैली एवं कार्यक्रमों की चर्चा की गई। इस अवसर पर कुलसचिव ने कहा कि इस तरीके के सामाजिक एवं धार्मिक कार्य मनुष्य के मन में सकारात्मक सोच पैदा करने के लिए अति आवश्यक हैं और समाज को पतन होने से बचाती हैं।

### प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

कुलसचिव एवं अन्य अतिथियों ने राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने और शानदार प्रदर्शन करने वाले भूगोल के विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

छात्रा रीमा, ज्योति, रितु एवं स्नेहलता ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित रिसोर्स टेक्नोलॉजी एंड क्लाइमेटः ए जियो-सस्टेनेबल विजन फॉर विकसित भारत@2047 विषय पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इसके उपरांत भूगोल विभाग की छात्रा रीमा, ज्योति व दिव्या ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा एसोसिएशन ऑफ पंजाब ज्योग्राफर के तत्वावधान में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य के लगभग सभी विश्वविद्यालयों से प्रतिभागी शामिल हुए, जिसमें इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की छात्राएं द्वितीय स्थान पर रही। इन छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी भाग लिया। यह प्रतियोगिता एसोसिएशन ऑफ पंजाब ज्योग्राफर द्वारा कंवर सुरजीत सिंह इंस्टीट्यूट फॉर स्पेशल प्लानिंग एंड एनवायरमेंट रिसर्च इंडिया के पंचकूला स्थित कार्यालय में आयोजित हुई थी, जिसमें हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ से संबंधित विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। कुलसचिव ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। विद्यार्थी कड़ी मेहनत के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कामयाबी हासिल करते हैं। इस अवसर पर भूगोल विभागाध्यक्ष डा. विपिन कुमार, फामेर्सी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुनील कुमार, वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अदिति शर्मा, महाराजा अग्रसेन पीठ इंचार्ज डा. ममता अग्रवाल, डा. सुशांत यादव, एक्सईएन एसके यादव व जेई अनिल नैन उपस्थित थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद कंपनी अधिकारी व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# छात्राओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**खास बातें**
- उत्तर प्रदेश में जनपदवार सीडी रेशियो का शासनादेश जारी एसीआर में होंगे दर्ज
- डीएम और कमिश्नर्स के प्रयास एसीआर में होंगे दर्ज एसीआर में होंगे दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

कैरी इंग्रीडिएंट्स इंडिया प्राइवेट कंपनी की ओर से सीएसआर गतिविधी के तहत मंगलवार को माहवारी स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मॉर्निंग ग्लोरी संस्था ने सहयोग किया। कंपनी अधिकारियों ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पटौदी में कक्षा छह से बारहवीं तक की छात्राओं को माहवारी स्वच्छता के लिए जागरूक किया। सेमिनार के दौरान छात्राओं को पंफलेट व सैनिटरी पैड वितरित किए गए। कंपनी की ओर से विद्यालय में माहवारी स्वच्छता पर आधारित विनाइल शीट लगवाई गई।

उन्होंने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी। संस्था से काउंसलर सोनिया, एएनएम सविता व सलोनी सिंगला ने छात्राओं को किशोर अवस्था में होने वाले परिवर्तन से अवगत कराया।

इसके अलावा प्राथमिक पाठशाला में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को कुपोषण से जंग अभियान के तहत लाभांवित किया गया। संस्था के प्रबंधक श्याम सुंदर ने कंपनी के अधिकारी नीरज, प्रशांत, अरूणधती तथा विद्यालय के प्राचार्य अभय सिंह व निधि गुप्ता का आभार व्यक्त किया।

# मनुष्य के विचारों व दृष्टिकोण को बदलने के उद्देश्य से ग्रंथों की हुई रचना: प्रेमानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धारूहेड़ा


रेवाड़ी। श्रीमद् भागवत का वाचन करते महाराज। फोटो : हरिभूमि

धारूहेड़ा के मेन बाजार स्थित प्राचीन श्री ठाकुर जी मंदिर चल रही श्री मद् भागवत सप्ताह भक्ति ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा वाचक प्रेमानंद गिरी महाराज हरिद्वार वाले ने कहा कि कथा को श्रवण करना मनुष्य जीवन को बहुत प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में विष्णु शर्मा नामक पंडित ने राजा के दुष्ट पुत्रों को कथाएं सुनाकर सदाचारी बनाया था। उन्होंने कहा कि त्रेता युग में रावण को बहुत शक्ति और धन का अहंकार हो गया था। अहंकार विनाश का कारण होता है, यह समझने के लिए रामायण की रचना हुई। महाभारत काल में धृतराष्ट्र को पुत्र मोह हो गया था, जिसको दूर करने के लिए गीता लिखी गई। विचारों एवं दृष्टिकोण को बदलने के उद्देश्य से हजारों ग्रंथों की रचना की गई ताकि मनुष्य की बुद्धि को सद्मार्ग पर लाया जा सकें। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में श्रृद्धालु मौजूद थे।

# शिक्षा में सुधार के लिए हर संभव प्रयास करें अध्यापक: एसडीएम

- एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़ी व राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल गढ़ी बोलनी का किया निरीक्षण
- अनुपस्थित स्टाफ सदस्यों को कारण बताओ नोटिस जारी कंकेकरने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। स्कूल में मिड-डेमील का निरीक्षण करते एसडीएम सुरेन्द्र सिंह तथा शिक्षकों की हाजरी का रजिस्टर चैक करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम रेवाड़ी सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़ी व राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल गढ़ी बोलनी का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान स्कूलों में सफाई व्यवस्था, मिड-डे मील, पीने के पानी, शौचालयों व अन्य व्यवस्थाओं की जांच की और अध्यापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय का हाजिरी रजिस्टर चैक किया और शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने वाले अध्यापकों के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मिड-डे मील की गुणवत्ता की जांच की और निर्देश दिए ताकि बच्चों को स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन मिले। इस मौके पर उन्होंने कक्षा में विद्यार्थियों से विषय संबंधित प्रश्न भी पूछे तथा विद्यालयों में चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने विद्यालयों में बिखरे सामान व परिसर की साफ सफाई भी कराई।

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने शिक्षकों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने के लिए विद्यार्थियों से विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने अध्यापकों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए ताकि सभी छात्र एक बेहतर शिक्षण वातावरण में अध्ययन कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक पढ़ाई का स्तर ऊंचा करने के लिए बच्चों के साथ कड़ी मेहनत करें।

## पीथनवास स्कूल में दंत जांच कैंप का आयोजन



**कुंड।** मंगलवार को गांव पीथनवास के राजकीय विद्यालय में दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। बावल सीएचसी से डा. वंदना और डा. किरण ने विद्यार्थियों के दांतों की जांच की। उन्होंने विद्यार्थियों को दांतों की बीमारियों के बारे में बताते हुए रोगों से सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सुबह-शाम दांतों की सफाई अवश्य करनी चाहिए। डॉक्टरों ने विद्यार्थियों को टूथपेस्ट व ब्रश भी वितरित किए। इस मौके पर स्कूल इंचार्ज अजय कुमार, प्रभु सिंह और मुरारीलाल सहित समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। स्कूल इंचार्ज ने चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

# आज के समय में बेटियां, बेटों से कम नहीं: स्नेहलता

- गांव हरचंदपुर में पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल


रेवाड़ी। महिलाओं को जागरूक करते हुए सुपरवाइजर। फोटो : हरिभूमि

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण पखवाड़ा के तहत समाज को बेटियों के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं।

मंगलवार को गांव हरचंदपुर स्थित आंगनबाड़ी सेंटर में पोषण पखवाड़ा के तहत बर्थ-डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस मौके पर सर्किल सुपरवाइजर स्नेहलता ने कहा कि आज के समय में बेटा और बेटी दोनों समान हैं, लेकिन कुछ लोग इसके प्रति जागरूक नहीं हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ग्राम स्तर पर महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं प्रदान करा रहीं हैं। योजना के तहत गर्भवती महिलाओं, स्तनपान करने वाली माताओं, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और किशोरियों पर फोकस किया जाता है। स्नेहलता ने बताया कि लगातार कम हो रही बेटियों की संख्या में इजाफा करने के लिए सरकार और प्रशासन मिलकर लोगों को जागरूक कर रहा है ताकि बिगड़ते लिंगानुपात में सुधार किया जा सके। उन्होंने कहा कि आज के समय में बेटियां, बेटों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। वह आज अच्छे मुकाम छू रहीं हैं, इसलिए माता-पिता को बेटियों को आगे बढ़ाने में मदद करनी चाहिए। सुपरवाइजर सुदेश देवी ने ग्रामीणों को बाल विवाह अपराध के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि अपने बच्चों की कम उम्र में शादी न करें, क्योंकि इसके परिणाम समाज और परिवार के लिए घातक हैं। इस अवसर पर कविता पंच, सुनील कुमारी, सरोज देवी, राजबाला, पिंकी, निशा, उषा, सरोज, उर्मिला शशि, श्वेता व रेखा उपस्थित थी।

# एनएसएस इकाई की ओर से कार्यक्रम का आयोजन


नाहड़। महिला रीजनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित एनएसएस स्वयंसेविकाएं।

**नाहड़।** भगत फूलसिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर एनएसएस स्वयंसेविकाओं की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की समन्वयक व एनएसएस इकाई-15 की कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रवेश भारद्वाज ने कार्यक्रम का संचालन किया। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने छात्राओं को डा. अंबेडकर के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक और गैर-शिक्षक स्टाफ की उपस्थिति रही। इस मौके पर रीतू, सपना, कोमल, मनीषा, प्रिया, सोनिका, साक्षी, मुस्कान, तनु, बबीता, पूजा व प्रियंका सहित अनेक छात्राएं मौजूद थी।

## स्कूल में दाखिला बढ़ाने के लिए बीईओ ने ली बैठक

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हसनपुर में खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने ग्राम पंचायत के सदस्यों के साथ बैठक की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने ग्राम पंचायत के सदस्यों के साथ स्कूल में बच्चों के दाखिला वर्दी हेतु विचार विमर्श किया। बीईओ अशोक कुमार ने ग्राम पंचायत के सदस्यों को स्कूल में बच्चों का दाखिला डालने के लिए प्रोत्साहित करते हुए गांव के बच्चों में आस-पड़ोस के गांव के बच्चों का स्कूल में दाखिला करवाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल के मुख्य अध्यापक नरेंद्र सिंह सिंह ने स्कूल की सुविधा के बारे में विस्तार पूर्वक ग्राम पंचायत के सदस्यों को जानकारी दी। इस अवसर पर बैठक में एबीआरसी ओम प्रकाश ने विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने का आश्वासन दिया।

**बैठक** | मांगों को लेकर सकारात्मक जवाब नहीं मिला तो मई में शुरू किया जाएगा आंदोलन

# एम्स संघर्ष समिति ने फिर उठाई माजरा एम्स में जनरल ओपीडी व एमबीबीएस क्लॉसेज शुरू करने की मांग

**खास बातें**
- उत्तर प्रदेश में जनपदवार सीडी रेशियो का शासनादेश जारी शासनादेश जारी
- डीएम और कमिश्नर्स के प्रयास एसीआर में होंगे दर्ज शासनादेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंड


रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित एम्स संघर्ष समिति के सदस्य व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

एम्स संघर्ष समिति मनेठी की कोर कमेटी की बैठक मंगलवार को समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन समिति के सचिव ओमप्रकाश सैन ने किया। बैठक में शहीद सिद्धार्थ यादव की आकस्मिक मौत पर दुख प्रकट करते श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने माजरा एम्स का नामकरण शहीद सिद्धार्थ के नाम कराने का प्रस्ताव पारित किया। वक्ताओं ने कहा कि एम्स का नामकरण शहीद सिद्धार्थ के नाम पर करने की मांग सभी ग्रामवासियों ने की है, जिसमें एम्स संघर्ष समिति ग्रामवासियों एवं शहीद परिवार का पूरा सहयोग करेगी।

इसके अलावा एम्स संघर्ष समिति के वक्ताओं ने सरकार से माजरा एम्स में जनरल ओपीडी के लिए प्रक्रिया तुरंत शुरू करने की मांग की।

वक्ताओं ने कहा कि माजरा एम्स के नाम से एमबीबीएस की कक्षाएं भी इसी सत्र से अन्य एम्स में शुरू की जाए। वक्ताओं ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि जब देश में इसी योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन एम्स के नाम से एमबीबीएस की कक्षाएं अन्य एम्स में चल रही है तो माजरा एम्स की एमबीबीएस कक्षाएं क्यों शुरू नहीं की जा रही है। समिति के वक्ताओं ने मनेठी में ओवरब्रिज बनाने की भी मांग की। एम्स संघर्ष समिति की ओर से बैठक में फैसला लिया गया कि अगर संबंधित ऑथारिटी एवं जन प्रतिनिधियों ने समय रहते हुए सकारात्मक जवाब नहीं मिला तो मई दिवस के पहले सप्ताह में रविवार को होनी वाली बैठक में आंदोलन का आह्वान किया जाएगा। बैठक में एम्स संघर्ष समिति के प्रवक्ता कॉमरेड राजेंद्र सिंह, डा. एच डी यादव, मास्टर लक्ष्मण सिंह, बीडी यादव, सूबेदार दिलबाग सिंह, कर्नल राजेंद्र सिंह व एस पी गोयल ने विचार रखे।

इस मौके पर यादराम, देशराज, राजबीर नंबरदार, कंवल सिंह, महावीर पंच, डा. नरेंद्र सिंह, रामेश्वर दयाल, अमर सिंह, भारत सिंह, प्रकाश चंद, कंवर सिंह आर्य माजरा व सावल सिंह माजरा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।